UP Board Notes Class 7 Hindi Chapter 17 हैदर अली (महान व्यक्तित्व)

पाठ का सारांश

हैदर अली अपने परिश्रम, दूरदर्शिता, कुशाग्र बुद्धि, असाधारण प्रतिभा तथा योग्यता के बल पर एक सिपाही के पद से मैसूर राज्य के शासक बने। इनका जन्म सन् 1721 में मैसूर राज्य के सामान्य परिवार में हुआ था। बचपन में ही इनके पिता जी मृत्यु हो गई थी। इन्होंने मैसूर की सेना में नौकरी कर ली और फिर अपनी कुशाग्र बुद्धि से मैसूर के शासक बन बैठे। मराठे, निजाम तथा अँग्रेज सभी इनकी वीरता का लोहा मानते थे। इन्होंने अँगेजी सेना तक को सन्धि के लिए मजबूर कर दिया था। हैदरअली एक धर्म-निरपेक्ष शासक थे और हिन्दुओं के त्योहारों में स्वयं उपस्थित होते। इनके सिक्कों पर भी एक ओर त्रिशूल लिए शिव और पार्वती की आकृतियाँ बनी हुई थीं।

https://www.evidyarthi.in/